# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

अभ्यास प्रश्नपत्र 2021-22

द्वितीय सत्र

विषय- हिंदी 'अ' (कोड-002)

कक्षा-9 (सुझावात्मक उत्तर संकेत)

निर्धारित समय-2 घंटे | पूर्णांक - 40

**सामान्य निर्देश:**

(1) अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्नपत्र में वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अत: अंक योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दे, तो उसे अंक दिए जाएँ।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ।

(4) गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

(6) मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

## खंड-क

## (वर्णनात्मक प्रश्नों के संभावित उत्तर संकेत)

प्रश्न 1-प्रश्नों के उत्तरों की शब्द-सीमा 25-30 शब्द 2x4=8

(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)

(क) एक बार बचपन में सालिम अली की एयरगन से एक गौरैया घायल होकर गिर पड़ी। इस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया। वे गौरैया की देखभाल, सुरक्षा और खोजबीन में जुट गए। उसके बाद उनकी रुचि पूरे पक्षी-संसार की ओर मुड़ गई। वे पक्षी-प्रेमी बन गए।

(ख) सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सामने रेगिस्तानी हवा के गरम झोकों और उसके दुष्प्रभावों का उल्लेख किया। यदि इस हवा से केरल की साइलेंट वैली को न बचाया गया तो उसके नष्ट होने का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। प्रकृति के प्रति ऐसा प्रेम और चिंता देख उनकी आँखें नम हो गईं।

(ग) टीला शब्द रुकावटें, बधाई का प्रतीक है। यह सामाजिक कुरीति, अन्याय तथा भेदभाव को दर्शाता है।क्योंकि ये मानव के सामाजिक विकास मेबाधाएं उत्पन्न करती है। हमारे समझ में टीला मिटी का छोटा पहाड़ होता है।

(घ) लेखक ने व्याङ्गात्मक शैली में महान साहित्यकार प्रमचंद के विशेषताओं का चित्र प्रस्तुत किया है।इसके साथ साथ लेखक ने स्वयं की दिखावे की प्रवृत्ति पर व्यंग्य करते हुए सामाजिक कुरीतियां पर प्रहार किया है।

प्रश्न 2.दिए गए चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों की शब्द-सीमा 25-30 शब्द। 2x3=6

(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)

(क) कवि के लिए लोहे की हथकड़ियाँ गहनों के समान है । कवि अँग्रेज सरकार द्वारा पहनाई गई उन बेड़ियों को बंधन नहीं समझता है क्योंकि उन्होंने किसी गलत कार्य के लिए ये बेड़ियाँ नहीं पहनी है ये उनके लिए गौरव की बात है इसलिए कवि ने हथकड़ियों को गहना कहा है।

(ख) कोयल की कूक सुनकर कवि को ऐसा लगता है जैसे कोयल उसके लिए कोई महत्त्वपूर्ण संदेशा लेकर आई हो,अथवा उसकी कोई विवशता हों इसलिए कोयल ने सुबह होने का भी इन्तजार नहीं किया अन्यथा वह असमय इस प्रकार न कूकती।

(ग) बच्चे किसी भी देश, समाज के भविष्य का आईना और उसकी प्रगति का एक अहम् हिस्सा होते हैं। यदि समाज के इस महत्त्वपूर्ण अंग को उचित देखभाल और अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तो समाज प्रगति कैसे करेगा। सभी बच्चे एक समान होते हैं, उन्हें उनके बचपन से वंचित रखना अपने आप में घोर अपराध तथा अमानवीय कर्म है। इसलिए बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान है। 2 अंक

(घ) - मैंने अपने शहर में बच्चों को चाय की दुकानों, होटलों, ढाबों में बर्तन साफ़ करते हुए, रास्ते पर लगे हुए ठेलों पर, घरों में काम करते घरेलू नौकरों के रूप में, छोटे निजी कार्यालयों में ऐसे अनेक स्थानों पर, हर मौसम और रातों में देर तक काम करते हुए देखा है।

मेंरी अपनी समझ से बच्चों का मुख्य काम पढ़ाई लिखाई का होना चाहिए । यदि बच्चे पढ़ेंगे लिखेंगे तो निश्चित तौर पर देश और समाज के साथ-साथ उनके खुद के परिवार की उन्नति होगी।

प्रश्न 3.दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों की शब्द-सीमा लगभग 60 शब्द।

(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में दो-तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) 3x2=6

(क) लेखिका की नानी की वैसे तो प्रत्यक्ष रूप से आज़ादी के आन्दोलन में किसी प्रकार की भागीदारी नहीं रही पर उन्होंने स्वतंत्रता की भावना को मन-ही-मन पनपने दिया। उन्होंने कभी पति के अंग्रेजी शौक को स्वीकार नहीं किया। उनके पति अंग्रेजों के भक्त थे, फिर भी नानी ने कभी अंग्रेजों की जीवन शैली को अपनाया नहीं । नानी ने अपनी बेटी की शादी क्रांतिकारी से करने की इच्छा व्यक्त की जिससे उनकी देश प्रेम की भावना का पता चलता है । उनका सबसे बड़ा योगदान यह है कि इस विवाह की घटना से एक उदाहरण प्रस्तुत किया और देश के क्रांतिकारियों को भी बड़ी प्रेरणा प्रदान की कि अन्य लोग भी इस कार्य में उनके साथ हैं । इस तरह अप्रत्यक्ष रूप से लेखिका की नानी की स्वतंत्रता आन्दोलन में भागीदारी रही है।

(ख) समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु हम निम्नलिखित प्रयास कर सकते हैं -

1) स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए।

2) अपने समय की महान एवं विदुषी स्त्रियों का उदाहरण समाज में प्रस्तुत करना चाहिए ताकि अन्य लोग प्रेरणा ले सकें।

3) उसके मान-सम्मान का ध्यान रखना चाहिए तथा समय-समय पर उन्हें पुरस्कृत करना चाहिए।

4) मीडिया आदि के द्वारा उनके अस्तित्व की गरिमा का ध्यान रखा जाए,अश्लील चित्र,गीत-संगीत आदि पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

5) लड़के और लड़की को समान अधिकार मिलने चाहिए।

6) हमें महिलाओं को हीन दृष्टि से नहीं देखना चाहिए।

7) महिलाओं को उचित सम्मान देना चाहिए।

8) महिलाओं को उनकी इच्छा के अनुसार हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन देना चाहिए।

(ग) भूख और भोजन का आपस में गहरा सम्बन्ध है। स्वाद भोजन में नहीं बल्कि मनुष्य को लगने वाली भूख में होता है। भूख लगने पर रूखा-सूखा भोजन भी स्वादिष्ट लगता है। भूख न होने पर स्वादिष्ट भोजन भी बे-स्वाद लगता है।

## खंड-ख

## (रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के मूल्यांकन बिंदु)

प्रश्न 4.दिए गए तीन अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लेखन। 5x1=5

भूमिका 1 अंक

विषयवस्तु 3 अंक

भाषा 1 अंक

प्रश्न 5.दिए गए दो पत्रों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लेखन। 5x1=5

आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ- 1 अंक

विषयवस्तु 3 अंक

भाषा 1 अंक

प्रश्न 6. क और ख प्रश्नों में दिए गए दो-दो विषयों में से एक-एक संवाद लगभग 50 शब्दों में। 2.5x2=5

(2.5 अंक के संवाद की जाँच के लिए अंक विभाजन)

विषयवस्तु 1 अंक

प्रस्तुति 1 अंक

भाषा 1/2 अंक

प्रश्न 7. क और ख प्रश्नोंमें दिए गए दो-दो विषयों में से एक-एक लघुकथा लगभग 40 शब्दों में। 2.5x2=5

(2.5 अंक के लघुकथा लेखन की जाँच के लिए अंक विभाजन)

रचनात्मक 1 अंक

प्रस्तुतिविषयवस्तु 1 अंक

भाषा 1/2